समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# सीएम योगी से मुलाकात के बाद कपिलदेव ने दे दिया बड़ा बयान, अखिलेश यादव हुए खुश, कहा- बढ़ा हमारा उत्साह |

Publisher

Published on 03 May 2025

## वर्ष 1983 मे वंर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. मुलाकात के बाद उनका एक बयान सामने आया है जिस पर अखिलेश यादव बहुत खुश है.

साल **1983** में भारत को क्रिकेट की दुनिया में पहला विश्व कप जिताने वाले कप्तान **कपिल देव (Kapil Dev)** ने **शुक्रवार, 2 अप्रैल** को उत्तर प्रदेश के **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** से मुलाकात की. मुलाकात के बाद उन्होंने एक बयान दिया जो अब सुर्खियों में है.

**समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव** भी उनके बयान से खुश हो गए हैं. कपिल देव के बयान का वीडियो सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करतेहुए सपा चीफ ने लिखा- सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जी जैसे अच्छे और सच्चे लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है. बड़ी सोच से प्राप्त हुई उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पायी हो . सपा का काम, दुनिया में मान!

### कपिल देव ने क्या कहा ?

बता दें पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने कहा, “बहुत अच्छा लग रहा है और हम उत्तर प्रदेश को बदलते हुए देख रहे हैं. जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर है, वह प्रदेश सबसे अच्छा है.”

दरअसल, कपिल देव ने लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस के दफ्तर की तारीफ की. जब कपिल ने यह बयान दिया तो उनके साथ **पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार** भी मौजूद थे. कपिल देव ने प्रशांत कुमार की ओर संकेत करते हुए कहा- मैं तो डीजीपी साहब की बड़ी तारीफ कर रहा था. कुमार साहब हद्द कर दी. कॉर्पोरेट ऑफिस से बड़ा ऑफिस लग रहा है. इतनी अच्छी सुविधा मिलती है और क्या चाहिए.

इस दौरान कपिल देव ने इस साल फरवरी में सपंन्न हुए महाकुंभ की भी प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि इतने बेहतर इंतजाम थे कि 60 करोड़ लोग आए. उन्होंने कहा कि आज और पहले के यूपी में काफी अंतर है. बहुत बदलाव आया है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.